साईं रंग डाला

सतगुरु हो महाराज मोपे साई रंग डाला,
साई रंग डाला मोपे हरि रंग डाला...-2

औषध मोहे कछु नहीं लागे -2
क्यों करे वैद्य बेचारा,मोपे साई रंग डाला
सतगुरु हो महाराज मोपे साई रंग डाला.....

सबद की चोट लगी घट माहीं -2
भेद गया तन सारा,मोपे साई रंग डाला
सतगुरु हो महाराज मोपे साई रंग डाला.....

सुर नर मुनि जन पीर औलिया -2
कोई नही पावे पारा, मोपे साई रंग डाला
सतगुरु हो महाराज मोपे साई रंग डाला.....

साहिब कबीर सबद रंग रंगिया -2
सब रंग से रंग न्यारा, मोपे साई रंग डाला
सतगुरु हो महाराज मोपे साई रंग डाला..........

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/22828/title/Sai-rang-daala

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |